हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026



खबर संक्षेप

डाक विभाग ने मनाया जागरूकता सप्ताह

रायगढ़। भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा आगामी 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि रखी गई है। अभियान के शुभारंभ पर 26 अक्टूबर को अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग के नेतृत्व में संभाग के सभी डाकघरों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। साथ ही केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रतिज्ञा लेकर डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त किए। युवाओं को जागरूक करने के लिए केएमटी कॉलेज रायगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। साथ ही सतर्कता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भ्रष्टाचार उन्मूलनए नैतिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालयों के प्राचार्यए प्राध्यापक तथा डाक विभाग के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा अपनाने और समाज में ईमानदारी के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

18 दुकानों में चोरी होने के बाद पकड़ा गया चोर

चोरों से तंग संचालकों ने निकाली अनोखी तरकीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी राशन दुकानों से चावल चोरी करने वाले गिरोह ने दुकान संचालकों की नाम में दम कर रखा था। यहां एक-दो नहीं बल्कि पुसौर क्षेत्र के करीब 18 सरकारी राशन दुकानों में चोरी हो चुकी थी। चोरी से तंग आकर एक सरकारी राशन दुकान संचालक ऐसी तरकीब निकाली चोर खुद अपने जाल में फंस गया। दुकान संचालक ने अपनी सूझबूझ से चावल की बोरी में जीपीएस ट्रेकर लगा दिया। यह तरकीब उस दुकान संचालक को इसलिए सूझी क्योंकि सीसीटीवी फुटेज में जो कार दिखाई दे रही थी वह उसके दुकान में चोरी का प्रयास कर चुका था। ऐसे में चोरों को पकड़ने के लिए उसने यह तरकीब अपनाई और चोर पकड़ा गए। जैसे ही जीपीएस लगे चावल की बोरी चोरी हुई उसकी लोकेशन के जरिए चोर तक पहुंचने का रास्ता मिल गया। साथ सीसीटीवी फुटेज से भी चोरों तक पहुंचने का अहम सुराग मिला। पुलिस ने जीपीएस लगे चावल की लोकेशन ट्रेस करते हुए पत्थलगांव पहुंची और चोरों को पकड़ लिया। अब पुलिस इस गैंग के बड़े मछलियों को पकड़ने के लिए जाल बिछा रही है। चौकाने वाली बात यह है कि चोरी करने के लिए चोर रईसों की तरह बाकायदा क्रेटा कार में आते थे। इसके कारण भी इस खेल का लिंक आगे बड़े मछलियों तक होने की बात कही जा रही है।

पुसौर क्षेत्र में एक के बाद एक सरकारी राशन दुकानों से राशन की चोरी हो रही थी। दुकानदार पुलिस में रिपोर्ट लिखाते थे, लेकिन चोर पकड़ाते नहीं थे। इस तरह का सिलसिला करीब साल भर से चल रहा था। ऐसे में पखवाड़े भर पहले जब एक दुकान में चोरी हुई तो वहां के संचालक ने पहले ही चावल की बोरी में जीपीएस ट्रेकर लगा दिया था। इसके बाद वह चैन की नींद सो रहा था। संयोग से चोरों ने उसके दुकान में सेंधमारी की और उसी चावल बोरी को उठाकर ले गए जिसमें संचालक ने जीपीएस सिस्टम लगाया था। इसके बाद उसे जशपुर जिले के पत्थलगांव के दुकान में छिपा रखे थे। पुलिस ट्रेस करते हुए वहां पहुंची और चोर पकड़ा गए।



आठ हजार रुपए में खरीदी

जानकारी मिली है दुकान संचालकों ने करीब आठ हजार खर्च कर जीपीएस सिस्टम लगाया था। उसे किसी स्थानीय दुकान से खरीदी करने के बजाए बाहर से खरीदी की गई थी। जानकारी के अनुसार यह तरकीब दुकान संचालकों ने तब अपनाई जब चोरों की सिलसिला थम ही नहीं रहा था। हालांकि जीपीएस जैसी तरकीब उनका काम कर गया और चोरी की राशन के साथ चोर पकड़ा गए। अब इस गैंग के बड़े मछलियों को पकड़ने की तैयारी चल रही है। जानकारी मिली है ि जिस रात जीपीएस लगे बोरी चोरी हुई उसके पहले भी वह लाल कलर की कार वहां आ चुकी थी।

काफी दूर तक फैला है इसकी तार

जो जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक इस चोरी का तार काफी दूर तक फैली है। हालांकि यह उनके अपने सोर्स से पता चला है, लेकिन जांच तो पुलिस ही करेगी। पुलिस भी अब इस तार को काटने की पूरी प्लांनिंग कर रही है। जो भी हो पुसौर क्षेत्र के करीब 18 दुकानों में हुए राशन चोरी का खुलासा होने के बाद दुकान संचालकों ने राहत की सांस ली है।







ऑपरेशन सिंदूर में लीड रोल करेंगे कार्तिक

मुंबई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' देशभर में चर्चा का विषय रहा था। अब इस पर फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में कार्तिक आर्यन को बतौर लीड हीरो साइन किया गया है। यह फल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' पर बेस्ड होगी। इस फिल्म का ऐलान विवेक अग्निहोत्री ने मार्च में किया था, लेकिन अब इससे जुड़ी कुछ और दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं।

लाइफ Style

सारा

मेरे पास कोई गॉडफादर नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने करियर, परिवार और नेपोटिज्म जैसे मुद्दे पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता सैफ अली खान ने उन्हें कोई फिल्म दिलाने के लिए अर्जी कभी नहीं दी।

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान एक बार फिर नेपोटिज्म यानी परिवारवाद को लेकर अपने बयान के कारण चर्चा में हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाली सारा ने स्वीकार किया कि उनके पारिवारिक बैकग्राउंड ने इंडस्ट्री में एंट्री पाने और पहचान बनाने में मदद की है। हालांकि, उनका मानना है कि नेपोटिज्म पर लगातार होने वाली बहस कई बार कलाकारों की मेहनत को नजरअंदाज कर देती है। सारा ने अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए मां अमृता सिंह के साथ बिताए समय का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह अपनी मां के साथ रहती हैं और उनके पिता सैफ अली खान ने उनके फिल्मी कॉन्ट्रैक्ट या फिल्मों में काम दिलाने के लिए निर्माताओं के चक्कर नहीं लगाए। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी मां के साथ रहती हूं। मेरे पिता ऐसे नहीं थे कि दफ्तरों में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत करते या लोगों से मेरी फिल्मों में कास्ट करने की गुजारिश करते, भीख मांगते या मिन्नतें करते। जब 'केदारनाथ' के दौरान समस्या आई थी, तब मैं खुद उसे सुलझा रही थी। उस समय मेरे साथ कोई नहीं था। यह दोधारी तलवार की तरह है, क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर बिल्कुल नहीं रहा।'



हॉलीवुड मसाला



फीका जा रहा विद्युत का हॉलीवुड डेब्यू

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में विद्युत जामवाल को अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन उनका नाम इंडस्ट्री में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। अब एक्टर ने अपना हॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ते का वक्त हो चुका है। इस फिल्म के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। स्ट्रीट फाइटर ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को लचर प्रदर्शन किया है और फिल्म 50 लाख भी नहीं कमा सकी है।



लौट रही है 'द रिंग्स ऑफ पावर' की जादुई दुनिया

नई दिल्ली। द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। मिडिल-अर्थ की जादुई दुनिया एक बार फिर दर्शकों को रोमांच और रहस्य से भरी कहानी दिखाने के लिए तैयार है। इस मशहूर फैंटेसी सीरीज के तीसरे सीजन का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। नए ट्रेलर में पहले से ज्यादा खतरनाक जंग, अंधेरे की बढ़ती ताकत और कई बड़े संघर्षों की झलक देखने को मिलती है। द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर का तीसरा सीजन 11 नवंबर को रिलीज होने वाला है। सीजन 3 की कहानी एरेगियन के पतन के पांच साल बाद की घटनाओं पर आधारित है, जब मिडिल-अर्थ में एक बड़ी जंग छिड़ जाती है।



हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी पायर

मुंबई। विनोद कापड़ी की फिल्म पायर 30 अक्टूबर को भारत में हिंदी और मलयालम में रिलीज हो रही है। फिल्म 'पायर' भारत में रिलीज होने से पहले ही दुनियाभर में डंका बजा चुकी है। अब तक 18 इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है। भारत का हृदय गांव में बसता है। मगर, व्यक्ति रोजगार व अन्य जरूरतों के लिए गांव से शहर की तरफ पलायन करता है। दिल में उम्मीद होती है कि एक दिन गांव में वापसी होगी। पीछे छूट गए मां-बाप भी इसी आस में होते हैं कि संतान अपने ठौर लौटेगी। मगर, जिंदगी थोड़ी अलग तरह चलती है। माता-पिता के इंतजार और बच्चों के गांव वापसी की उम्मीद...दोनों चलती रहती हैं। कुछ इसी पर आधारित है फिल्म 'पायर'। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता विनोद कापड़ी की यह फिल्म कई इंटरनेशनल फिल्म समारोह में पहले ही तालियां बटोर चुकी है।



मेरे यार बजरंगी में नजर आएंगे किशन

मुंबई। अभिनेता रवि किशन माइथोलॉजिकल फिल्म में नजर आने वाले हैं। पोस्टर के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। 'मेरे यार बजरंगी दोस्ती हो तो ऐसी' टाइटल वाली इस फिल्म में रवि किशन पर्दे पर बजरंगी के दोस्त बनकर छाने वाले हैं। यह फिल्म दिवाली 2027 में रिलीज होगी। इस भक्ति ड्रामा फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिलहाल तो फिल्म के पोस्टर ने पर्याप्त दिलचस्पी पैदा कर दी है। पोस्टर में रवि किशन एक दमदार, लेकिन सादगी भरे अवतार में हैं। पोस्टर में उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है, सिर्फ मुट्ठी बांधने की सिंबॉलिक इमेज भी है। एक हाथ रुद्राक्ष और रक्षा सूत्र पहने शख्स का है। वहीं दूसरा हाथ बजरंग बली का है, जो श्री राम नाम का पटका और रुद्राक्ष की माला पहने हुए हैं। दोनों को एक दिव्य चिंगारी जोड़ती है।

टीवी मसाला



कपिल के शो पर शाहिद मीरा और ईशान का धमाल

नई दिल्ली। कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शोः सीजन 5' के दिवाली स्पेशल एपिसोड में शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत कपूर और भाई ईशान खट्टर के साथ नजर आने वाले हैं। इस एपिसोड का पहला प्रोमो बुधवार को नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया। 1 मिनट 52 सेकेंड का ये प्रोमो काफी मजेदार है। कपिल के शो पर शाहिद, ईशान और मीरा सिर्फ हंसते हुए ही नहीं दिखे हैं, बल्कि ये तीनों मेहमान खूब जोक भी मारते नजर आ रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा के शो पर शाहिद कपूर और ईशान खट्टर ने झिंग झिंग झिंगाट गाने पर स्टेज हिला दिया। इस दौरान कपिल शर्मा ने मीरा सवाल किया कि शायद ये आपका पहला टीवी अपियरेंस है, जिसपर मीरी ने हां में जवाब दिया। इस दौरान शाहिद कपूर ने 'उड़ता पंजाब'के दौर का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया, "उड़ता पंजाब जब पूरी की तो, आपको मालूम है कि एडिटिंग रूम में आपको बुलाकर दिखाते हैं फिल्म, ये मेरे साइड में बैठी हुई थीं। फिल्म खत्म हुई तो ये सोफे के उस तरफ बैठ गई।' इस पर कपिल शर्मा ने मजाक में कहा, 'कबीर सिंह देखकर शादी होतीये तो मा जाती।' इस दौरान शाहिद कपूर ने खुलासा किया कि बचपन में उन्होंने ईशान खट्टर के डायपर भी बदलते हैं। वो कहते हैं, "बचपन में मैंने इसके डायपर बदले हैं। बुढ़ापे में ये कह रहा है कि मेरे बदल देगा।' शाहिद की इस बात पर ईशान खूब हंसते दिखाई दिए। जब अर्चना ने सवाल किया कि क्या आप बच्चों को बहुत प्यार देने वाले पिता हैं तो इस पर मीरा कहती हैं, 'बहुत ज्यादा. ये बहुत बिगाड़ते हैं, लेकिन गलत तरह से नहीं।'

नविका और मजेन की सगाई टूटी

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में माया खेरा का किरदार निभा चुकीं एक्ट्रेस नविका कोटिया ने जनवरी में पुणे बेस्ड बिजनेसमैन मजेन मोदे के साथ अपनी सगाई अनाउंस की थी। हालांकि, हाल ही में इस कपल ने अपनी सगाई कैंसिल कर दी है। जानकारी के मुताबिक दोनों इसी साल शादी प्लान कर रहे थे। अब नविका ने मजेन के साथ सगाई से जुड़ी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया से डिलीट कर दी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक नविका और मजेन इसी साल जुलाई में अलग हो चुके हैं। दोनों के बीच तालमेल नहीं बैठ पाने की वजह से ऐसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक शुरू में दोनों के बीच चीजें ठीक थीं, लेकिन फिर इधर सगाई और शादी की तैयारियां शुरू हुईं और उधर चीजें बिगड़नी शुरू हो गईं। मजेन ने दोनों का रिश्ता खत्म होने और उनके रास्ते अलग कर लेने की खबर की पुष्टि की है।



पहली बार करवा चौथ मनाएंगे ये सेलिब्रिटी कपल

मुंबई। करवा चौथ का त्योहार इस साल 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस खास मौके पर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। आम लोगों की तरह बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में भी इस त्योहार की खास रौनक देखने को मिलती है। खास बात ये है कि इस साल कई मशहूर सेलिब्रिटी कपल्स के लिए करवा चौथ बेहद खास होने वाला है, क्योंकि शादी के बाद यह उनका पहला करवा चौथ होगा। इस लिस्ट में रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा से लेकर कृतिका कामरा-गौरव कपूर और अर्जुन रामपाल-गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स तक के नाम शामिल हैं।







रश्मिका - विजय : साउथ सिनेमा के चर्चित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इस साल 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने राजस्थान के उदयपुर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी रचाई। इस दौरान तेलुगु और कोडवा रीति-रिवाजों से दो अलग-अलग विवाह समारोह आयोजित किए गए थे। लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रखने वाले इस कपल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रही थीं। अब शादी के बाद 29 अक्टूबर को दोनों का पहला करवा चौथ होगा।

नूपुर-स्टेबिन : बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की छोटी बहन नूपुर और मशहूर सिंगर स्टेबिन बेन ने भी इसी साल अपने रिश्ते को शादी का नाम दिया। दोनों ने जनवरी 2026 में उदयपुर में शादी रचाई थी। कपल ने अपनी शादी में दो अलग-अलग परंपराओं को शामिल किया। पहले क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी हुई और फिर हिंदू परंपराओं के अनुसार विवाह की रस्में निभाई गईं। दोनों की शादी की तस्वीरों ने फैंस का खूब ध्यान खींचा था। अब नूपुर और स्टेबिन के लिए भी इस साल का करवा चौथ शादी के बाद पहला होगा।

आकांक्षा- शरण : एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन कपूर और फिल्म डायरेक्टर शरण शर्मा ने 11 जुलाई, 2026 को शादी रचाई थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर के गार्डन में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। खास बात यह रही कि कपल ने शादी के लिए वही तारीख चुनी, जिस दिन चार साल पहले उनके रिश्ते की शुरुआत हुई थी। शादी के दौरान आकांक्षा साड़ी में नजर आई थीं, जबकि शरण ने ऑफ-व्हाइट बंदगला पहना था। आकांक्षा की करीबी दोस्त आलिया भट्ट भी शादी के जश्न का हिस्सा बनी थीं। शादी के करीब तीन महीने बाद यह कपल अपना पहला करवा चौथ आने वाला है।

कृतिका और गौरव : टीवी और ओटीटी की मशहूर अभिनेत्री कृतिका कामरा ने 11 मार्च, 2026 को स्पोर्ट्स प्रेजेंटर गौरव कपूर से शादी की थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर में सादगी से रजिस्टर्ड मैरिज की थी। इस खास मौके पर परिवार के सदस्यों के अलावा कुछ करीबी दोस्त भी मौजूद थे। शादी के बाद कपल ने अपने दोस्तों के लिए एक सेलिब्रेशन भी रखा था, जिसमें युवराज सिंह, जहीर खान और मलाइका अरोड़ा समेत कई सितारे शामिल हुए थे। शादी के बाद कृतिका लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आई थीं। अब कृतिका और गौरव के लिए भी इस साल का पहला करवा चौथ बेहद खास है।

लॉस एंजिलिस में बजा रामायण का डंका

नई दिल्ली। 'रामायणः राइज ऑफ ए लीजेंड' की लॉस एंजिलिस में खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश शामिल हुए। रेड कार्पेट पर सितारों का अंदाज और 'जय श्री राम' के नारों ने ध्यान खींचा। लॉस एंजिलिस में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों के लुक ने भी लोगों का ध्यान खींचा। भगवान राम की भूमिका निभा रहे रणबीर कपूर सिल्वर रंग की शिमरी बंदगला ड्रेस में नजर आए। उनके लुक में पारंपरिक भारतीय पहनावे के साथ आधुनिक अंदाज की झलक दिखाई दी। वहीं, फिल्म में माता सीता का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी लाल रंग की जरदोजी साड़ी पहनकर पहुंचीं। साड़ी पर बारीक कढ़ाई का काम था। उन्होंने अपने लुक को सादगीपूर्ण रखा और खुले बालों के साथ हल्का मेकअप चुना। दूसरी ओर, रावण की भूमिका निभाने के साथ फिल्म के निर्माता के तौर पर भी जुड़े यश ने ऑल-ब्लैक आउटफिट पहना। उन्होंने अपने लुक को आकर्षक ब्रोच और काले चश्मे के साथ पूरा किया। यश के साथ उनकी पत्नी और अभिनेत्री राधिका पंडित भी मौजूद थीं। राधिका हरे और सुनहरे रंग की सिल्क साड़ी में नजर आईं।



डेविड गेफेन थिएटर में हुई 3डी स्क्रीनिंग

फिल्म की विशेष 3डी स्क्रीनिंग एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स के डेविड गेफेन थिएटर में आयोजित की गई। इस थिएटर में करीब 945 लोगों के बैठने की क्षमता है। कार्यक्रम में फिल्म की टीम के अलावा कई चर्चित हस्तियां और खास मेहमान भी शामिल हुए। इनमें जेडा पिंकेट स्मिथ, रोहिणी अय्यर, बेंजी केली और जिसेला मारेंगो के नाम शामिल हैं। हालांकि, फिल्म में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले रवि दुबे और शूर्पणखा का किरदार निभाने वाली रकुल प्रीत सिंह इस प्रीमियर में नजर नहीं आए।

दिलवाले दुल्हनियां से बागबान तक, इन फिल्मों में दिखा त्योहार का जादू

चांद का दीदार, पति से प्यार... फिल्मों में सेलिब्रेट किया गया करवा चौथ

नई दिल्ली। करवा चौथ का त्यौहार हर शादीशुदा महिला के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। निर्जल रहकर कई औरतें अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करती हैं और चांद देखने के बाद पानी पीकर व्रत खोलती हैं। सिनेमा में भी करवाचौथ के फेस्टिवल को काफी ग्रैंड लेवल पर सेलिब्रेट किया गया है। एक अरसे से करवा चौथ के व्रत की महत्वता को फिल्मों में दिखाया जा रहा है।

दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे

शाह रुख और काजोल की सबसे फेवरेट फिल्मों में से एक दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे है। इस कल्ट फिल्म के एक सीन में सिमरन राज के लिए पूरे दिन भूखी प्यासी रहकर करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब वह राज को ये बताती है, तो वह सिमरन को प्यार से डांट देता है। लेकिन वह जिद ठान लेती है कि व्रत खोलेगी तो सिर्फ राज (Shah Rukh Khan) के हाथ से। जैसे ही त्यौहार सेलिब्रेट होने लगता है, सिमरन बेहोश होने का नाटक करती है और राज खुद उसे पानी पिलाता है। ये सीन दिलवाले दुलहनियां के सबसे यादगार सीन्स में से एक हैं।

कभी खुशी कभी गम

शाह रुख खान की सिर्फ डीडीएलजे में ही नहीं, बल्कि कभी खुशी कभी गम में भी करवा चौथ के त्यौहार की महत्वता को दिखाया गया है। करण जौहर की फिल्म में विदेश में बैठी महिलाओं के लिए भी ये फेस्टिवल कितना मायने रखता है, इसे बहुत ही खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है।





बागबान

पति-पत्नी भले ही एक दूसरे से दूर हो या पास, लेकिन अगर उन्होंने चाह लिया तो भी वह इस व्रत को रखकर एक-दूसरे की लंबी उम्र की कामना कर सकती हैं। ये ही अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी स्टारर फिल्म बागबान में दिखाया गया है। जहां दोनों हर साल एक-दूसरे के लिए व्रत करते हैं। हालांकि, एक समय ऐसा आता है, जब उनके बच्चे उन्हें एक-दूसरे से अलग कर देते हैं, लेकिन जुदा होकर भी वह करवाचौथ का व्रत रखते हैं और फोन पर व्रत खोलते हैं।

बीवी नं. वन

करिश्मा कपूर और सलमान खान स्टारर फिल्म बीवी नं वन का करवाचौथ सीन काफी आइकॉनिक है, क्योंकि उसमें एक महिला के प्यार और पुरुष की चीटिंग का भी एक पहलू दिखाया गया है। फिल्म में सलमान खान का किरदार करवा चौथ के बीच अपनी पत्नी को धोखा देकर गर्लफ्रेंड का फास्ट खुलवाने जाता है।

इश्क-विश्क

शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी दर्शकों की फेवरेट रही है। उनकी साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म में भी करवा चौथ का सेलिब्रेशन दिखाया गया है, जहां छुपते-छुपाते अमृता राव, शाहिद कपूर के लिए व्रत रखती हैं। शाहिद भी उनसे ये वादा करते हैं कि वह उनका व्रत खुलवाने जरूर आएंगे।

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में कांकेर क्लस्टर बना ओवर ऑल चैंपियन



रायगढ़। घरघोड़ा ब्लॉक के छर्राटांगर स्थित एकलव्य स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में कांकेर क्लस्टर ओवर ऑल चैम्पियन रहा। कांकेर क्लस्टर के खिलाड़ियों ने खो खो बास्केटबाल और फुटबॉल में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए चेम्पियन का खिताब जीत लिया। समापन अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया जहां मुख्य अतिथि थे। वहीं विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र कुमार बेसरा, अध्यक्ष सहकारी वित्त एवं विकास निगम के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, जनपद उपाध्यक्ष रामश्याम डनसेना, मुकेश राठिया, श्रीकांत राठिया और नोडल अधिकारी मनीराम जांगड़े प्राचार्य एकलव्य विद्यालय छर्राटांगर उपस्थित रहे।

लकवा पड़ते ही झाड़ फूंक नहीं, तुरंत अस्पताल पहुँचे हर मिनट कीमती

रायगढ़। स्ट्रोक यानी ब्रेन अटैक एक गंभीर चिकित्सकीय आपातकाल है, जिसमें मस्तिष्क



तक रक्त की आपूर्ति बाधित होने या मस्तिष्क में रक्तस्राव होने से मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान पहुँचता है। समय पर पहचान और उपचार से मरीज की जान बचाने तथा स्थायी विकलांगता के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 का अभियान संदेश है यानी हर मिनट कीमती है। स्ट्रोक से जुड़े पाँच बड़े भ्रम और उनकी सच्चाई.. सच्चाई स्ट्रोक किसी भी उम्र में हो सकता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख जोखिम कारक हैं। चेहरे का टेढ़ा होना या हाथ पैर में कमजोरी अपने आप ठीक हो जाएगी। सच्चाई अचानक चेहरे का एक तरफ झुकना, एक हाथ या पैर में कमजोरी, बोलने में परेशानी अथवा समझने में कठिनाई स्ट्रोक के संकेत हो सकते हैं। लक्षण ठीक होने पर भी इसे नजरअंदाज न करें। मरीज को घरेलू उपचार देकर कुछ समय इंतजार करना चाहिए।
स्ट्रोक में हर मिनट महत्वपूर्ण है। झाड़ फूंक, मालिश या घरेलू नुस्खों में समय बर्बाद न करें। तुरंत एम्बुलेंस बुलाएँ और मरीज को स्ट्रोक के उपचार की सुविधा वाले अस्पताल पहुँचाएँ।

जिले के 37 यात्री स्वर्ण मंदिर वैष्णोदेवी के करेगें दर्शन

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत जिला जशपुर के लिए माह नवम्बर 2026 की तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत जशपुर जिले के 37 यात्रियों को तीर्थ यात्रा पर ले जाया जाएगा। तीर्थ यात्रा का स्थान अमृतसर, स्वर्ण मंदिर, वैष्णो माता मंदिर एवं वाघा बॉर्डर निर्धारित किया गया है। यात्रा की अवधि 10 नवम्बर से 15 नवम्बर 2026 तक रहेगी। यात्रा हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

डॉक्टर को लगाया 34.17 लाख का चूना, इंदौर के कॉल सेंटर से चल रहा था ठगी का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शेयर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर लोगों की मेहनत की कमाई हड़पने वाले साइबर नेटवर्क के खिलाफ रायगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

- शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का दिया था झांसा, 3 युवतियों समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर में दबिश देकर तीन युवतियों और दो युवकों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में इंदौर के एक कॉल सेंटर से जुड़े साइबर नेटवर्कए म्यूल बैंक खातों और सिम कार्ड के जरिए ठगी की रकम का लेनदेन किए जाने से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं।

इस कार्रवाई का मुख्य कनेक्शन रायगढ़ के सोनकरपारा निवासी डॉ.दिलीप कुमार मिश्रा से हुई 34 लाख 17 हजार 531 रुपए की ऑनलाइन ठगी से जुड़ा है। आरोपियों की गिरफ्तारी से साइबर पुलिस थाना रायगढ़ में दर्ज दो अलग.अलग अपराधों का खुलासा हुआ है। जांच में यह भी सामने आया है कि बैंक खातों में संदिग्ध रकम आने पर खाता होल्ड होने के बाद एक आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से खुद ही साइबर थाना पहुंचकर शिकायत की थी। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों और दूसरे राज्यों में फैले संपर्कों की तलाश कर रही है। मामले की शुरुआत मार्च 2025 में हुईए जब रायगढ़ के सोनकरपारा निवासी डॉ. दिलीप कुमार मिश्रा का मोबाइल फोन के जरिए सुनील नाम के व्यक्ति से संपर्क हुआ। आरोप है कि सुनील ने उन्हें शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का लालच दिया और स्पार्टन ट्रेड कंपनी में पैसा लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कंपनी का पोर्टफोलियो व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजा गया। पोर्टफोलियो में निवेश पर अच्छा लाभ दिखाई देने से डॉक्टर को भरोसा हो गया। धीरे.धीरे कुछ अन्य लोगों ने भी उनसे मोबाइल फोन पर संपर्क करना शुरू किया और अलग.अलग समय पर निवेश के नाम पर रकम जमा कराई। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार 28 अप्रैल 2025 से 3 अप्रैल 2026 के बीच डॉक्टर से कुल 34 लाख 17 हजार 531 रुपए निवेश कराए गए। शुरुआत में पोर्टफोलियो में बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाया जाता रहाए लेकिन जब डॉक्टर ने अपनी रकम निकालने का प्रयास किया तो उन्हें पैसा नहीं मिला। इसके उलट उनसे और रकम निवेश करने के लिए कहा जाने लगा। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने साइबर पुलिस थाना रायगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318,4 और 3,5 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने इस कार्रवाई में ज्योति मालवीय, तनिषा पाटिल, तरुण नागर, गायत्री कुमारी विश्वकर्मा और सूरज शर्मा को गिरफ्तार किया है। इस अपराध में तरुण नागर, ज्योति मालवीय और तनिषा पाटिल की भूमिका सामने आई है, जबकि सूरज शर्मा, गायत्री विश्वकर्मा और तनिषा पाटिल की भूमिका की जांच की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस अब बैंकिंग रिकॉर्ड, डिजिटल साक्ष्यों और अन्य तकनीकी जानकारियों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।



बैंक खाते में आए 2.97 लाख, जांच में सामने आया कमीशन का कनेक्शन

इस नेटवर्क से जुड़ा दूसरा मामला सूरज शर्मा के बैंक खाते से संबंधित है। 27 सितंबर 2026 को सूरज शर्मा निवासी हिल व्यू कॉलोनी, जिंदल ने साइबर पुलिस थाना में आवेदन देकर अपने पंजाब नेशनल बैंक खाते में हुए संदिग्ध लेनदेन की जांच करने का अनुरोध किया था। 12 दिसंबर 2025 से 7 जनवरी 2026 के बीच उसके बैंक खाते में 18 बार में कुल 2,97,298 रुपए का लेनदेन हुआ था। रकम प्राप्त होने और नकद निकासी के बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा पंजाब में शिकायतें दर्ज होने के कारण बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया था। सूरज शर्मा ने खाते पर लगी रोक हटाने और कथित दुरुपयोग की जांच कराने की मांग की थी। हालांकिए बैंक ट्रांजेक्शन की जांच के दौरान पुलिस को ऐसे तथ्य मिले, जिनसे उसका खाता साइबर ठगी की रकम के लेनदेन के लिए इस्तेमाल किए जाने की आशंका सामने आई। विवादित रकम में से इंदौर की गायत्री विश्वकर्मा के माध्यम से सूरज शर्मा को नकद और यूपीआई के जरिए कमीशन मिलने के तथ्य सामने आए। इसके बाद 30 सितंबर 2026 के तहत सूरज शर्मा और गायत्री विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

एक मोबाइल नंबर ने खोली इंदौर के नेटवर्क की परतें

दोनों मामलों की जांच के दौरान साइबर पुलिस को एक साझा मोबाइल नंबर के इस्तेमाल से अहम सुराग मिला। पुलिस के अनुसारए इस नंबर का उपयोग इंदौर निवासी तनिषा पाटिल द्वारा किए जाने की जानकारी मिली। साथ ही सूरज शर्मा और गायत्री विश्वकर्मा के बीच संपर्क के तथ्य भी सामने आए। मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच में संदिग्धों की गतिविधियां इंदौर के अलग.अलग इलाकों में मिलने के बाद साइबर पुलिस थाना रायगढ़ की विशेष टीम को इंदौर भेजा गया। टीम ने पलासिया क्षेत्र स्थित एक कॉल सेंटर में दबिश देकर गायत्री विश्वकर्मा और तनिषा पाटिल को पकड़ा। इसके बाद विजय नगर क्षेत्र से ज्योति मालवीय को हिरासत में लिया गया। ज्योति से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने परदेशीपुरा क्षेत्र से तरुण नागर को गिरफ्तार किया। वहींए इंदौर से खरसिया आकर अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे सूरज शर्मा को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों को इंदौर में न्यायालय के समक्ष पेश कर ट्रांजिट रिमांड की प्रक्रिया पूरी की और उन्हें रायगढ़ लाया।

140.150 सिम कार्ड से नेटवर्क कई राज्यों तक फैले तार

जांच में म्यूल बैंक खातों और सिम कार्ड के जरिए साइबर ठगी की रकम को अलग.अलग माध्यमों से स्थानांतरित करने से संबंधित तथ्य सामने आए हैं। पुलिस को साइबर ठगी के लिए लगभग 140 से 150 सिम कार्ड उपलब्ध कराने की जानकारी भी मिली है। म्यूल बैंक खाते ऐसे खाते होते हैं जिनका इस्तेमाल साइबर अपराध से प्राप्त रकम को एक खाते से दूसरे खाते में भेजने या निकालने के लिए किया जाता है। कई मामलों में खाताधारकों को कमीशन का लालच देकर उनके खाते का इस्तेमाल किया जाता है।आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। संबंधित बैंक खातों, ट्रांजेक्शन विवरण और मोबाइल संपर्कों की जांच की जा रही है।

सुहागिन महिलाओं ने पति की उम्र के लिए की पूजा-अर्चना

सरसींवा। करवा चौथ का व्रत हर वर्ग, आयु, जाति के हिन्दू सुहागिन महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला प्रमुख त्योहार है जो कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है जिसे कर्क चतुर्थी भी कहते है इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और वैवाहिक जीवन सुखमय होने की कामना पूर्ति के लिए निर्जला व्रत रखती है व्रत रखने का अर्थ ही है संकल्प लेना वह संकल्प चाहे पति की रक्षा का हो परिवार के कष्टों को दूर करने का या कोई और यह संकल्प वही ले सकता है जिसकी इच्छा शक्ति मजबूत हो यह पर्व संकेत देता हाकी स्त्री अबला नही, ब्लिक सबला है और वह भी अपने परिवार को बुरे वक्त से उबार सकती है करवा चौथ की प्रचलित कथाओ में स्त्रियां शशक्त भूमिका में नजर आती है, इस देश में सावित्री जैसे उदाहरण है, जिसने अपने पति सत्यवनको अपने सशक्त मनोबल से यमराज से छीन लिया था मान्यता है कि इस नक्षत्र में चंद्रमा दर्शन मनवांछित फल प्रदान करता है यह व्रत पति पत्नी में भावनात्मक लगाव और विश्वास को बढ़ाता है इस व्रत को पहली बार करवा चौथ यानी नवविवाहिता महिलाओं के लिए बहुत अच्छा फलदायी बताया जा रहा है करवा चौथ का पर्व महिलाओ के लिए सुखद अहसास है जिनका उन्हें साल भर इन्तेजार रहता है ये व्रत चन्द्रमा को अर्घ्य देने के बाद पूरा होता है इसलिए चांद निकलने का व्रत रखने वाली सभी महिलाओ की



नजर आसमान की ओर रहती है सबको चांद का बेसब्री से इन्तेजार रहता है चांद दिखने का समय हर जगह के लिए अलग अलग होता है वहीं कुछ समय पहले चांद दिखाई देने लगता है, तो कहि पर थोड़ा इंतजार भी कराता है इस व्रत में कही सरगी खाने का रिवाज है तो कहि नही भी है किवदंती के अनुसार महाभारत काल से यह व्रत किया जा रहा है भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर द्रोपदी ने अर्जुन के लिए इस व्रत को किया था आज के दिन सभी सुहागिन स्त्रिया सोलह श्रृंगार करके अपने पति की लंबी उम्र, स्वास्थ, सौभाग्य एवं सुखद दाम्पत्य की कामना के लिए यह व्रत रखती है जो बहुत ही कठिन होता है इस व्रत में कुछ नियम है जिनका कड़ाई से पालन किया जाता है इस व्रत अवधि जल भी ग्रहण नही किया जाता अर्थात निर्जला रखा जाता है यह व्रत सूर्योदय से पहले और चांद निकलने तक रखा जाता है रात्रि में चांद और पति का दीदार के लिए सुहागिन स्त्रिया चांद के उदय होने का इन्तेजार करती है मान्यता है कि चांद दर्शन के बाद ही व्रत पूरा होता है उसके बाद ही महिलाएं व्रत का समापन करती है यह भी कहा जाता है कि बिना चांद दर्शन के व्रत का पूरा पूरा फल नही मिलता है चांद निकलने पर शिव परिवार की पूजन करती है फिर छलनी में घी का दीपक रखकर चन्द्रमा को अर्घ्य देकर छलनी में से चन्द्रमा के साथ अपने चांद यानी पति का चेहरा देखती है फिर पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोलती है और पति के पैर छूकर आशीर्वाद लेती है करवा चौथ के व्रत में माता पार्वती समेत शिव परिवार की पूजा की जाती है इस दिन खास तौर पर गणेश जी का पूजन होता है और उन्हें ही साक्षी मानकर व्रत शुरू किया जाता है गणेश जी को चतुर्थी का अधिपति देव माना गया है पूजा करते और कथा सुनते समय सिक रखने का विधान है करवा यानी मिट्टी का एक प्रकार का बर्तन जिसके द्वारा चन्द्रमा को अर्घ्य दिया जाता है इस दिन करवे में जल भरकर कथा सुनने का विधान है इसके बिना अर्घ्य अधूरा माना जाता है चन्द्रमा के माता का कारक होने की वजह से करवा चौथ के दिन किसी भी महिला को अपनी सासएमा या फिर दूसरी महिला का अपमान नही करना चाहिए।

सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत स्कूलों में जागरूकता शिविर

जशपुरनगर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में बुधवार 28 अक्टूबर को सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जिले के तीन विद्यालयों में जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के पैरालीगल वॉलिंटियर्स के माध्यम से देव पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर, सेंट जेवियर इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिभवन जशपुर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में देव पब्लिक स्कूल में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जनार्दन खरे एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सरोजनी जनार्दन खरे, सेंट जेवियर स्कूल में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सुश्री दिव्या गोयल तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षु न्यायाधीश अभिनव कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बच्चों को पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार एवं संरक्षण, साइबर सुरक्षा तथा सुरक्षित बचपन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

ओपीजेयू ने किया मलेशिया के दो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ समझौता

तमनार। वैश्विक शैक्षणिक सहयोग अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ओपीजेयू, रायगढ़ ने एक महत्त्वपूर्ण पहल की है।

विश्वविद्यालय ने मलेशिया के दो प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज और यूनिवर्सिटी साइंस मलेशिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के नए अवसरों के द्वार खोले हैं। यह साझेदारी न केवल वैश्विक ज्ञान साझाकरण, संयुक्त अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं शोधकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने, सहयोग करने और अपनी क्षमताओं को विकसित करने की नई संभावनाएँ भी सृजित करेगी। इस पहल के माध्यम से ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ने वैश्विक शैक्षणिक परिदृश्य में अपनी सक्रिय भागीदारी को सुदृढ़ करने तथा शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक और महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

मलेशिया के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों यूनिवर्सिटी साइंस मलेशिया पेनांग जिसे फै वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 128 वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, तथा लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज पेटालिंग जाया, जो फै वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 701-710 के श्रेणीक्रम में शामिल है के साथ शैक्षणिक सहयोग ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की वैश्विक शैक्षणिक उपस्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। जहाँ यूनिवर्सिटी साइंस मलेशिया अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, वहीं लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज का कौशल विकास पर विशेष जोर





उद्योगोन्मुखी शिक्षा और व्यावहारिक अधिगम की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इन दोनों संस्थानों में 70 से अधिक देशों के विद्यार्थियों की उपस्थिति इन साझेदारियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव, सांस्कृतिक विविधता की समझ तथा ज्ञान और विचारों के आदान प्रदान के लिए और अधिक महत्त्वपूर्ण बनाती है। इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनुराग विजयवर्गीय, सभी डीन एवं प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना की तथा इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने तथा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए अवसरों के सृजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पमशाला के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन



जशपुरनगर। कार्तिक मास के पावन अवसर पर ईब नदी तट स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर, पमशाला में महीने भर चलने वाले भजन-कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। 27 अक्टूबर से 24 नवंबर तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भगवान श्रीराधा-कृष्ण की आराधना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन सुबह 8 बजे और शाम 5 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र की विभिन्न कीर्तन मंडलियां शामिल होकर भक्ति गीतों की प्रस्तुति दे रही हैं। भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु भगवान की भक्ति में रम रहे हैं और मंदिर परिसर भक्तिमय स्वर से गूंज रहा है।

भजन-कीर्तन में शामिल होने श्रद्धालुओं से अपील- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी एवं अखिल भारतीय कंवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल्या साय ने श्रद्धालुओं और क्षेत्र की भजन-कीर्तन मंडलियों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। अखिल भारतीय कंवर समाज, पमशाला के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोग जुटे हुए हैं। कार्तिक मास के दौरान आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक साधना से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है।

24 नवंबर तक चलेगा यह धार्मिक आयोजन- श्री राधा-कृष्ण मंदिर पमशाला में 24 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह और शाम भजन-कीर्तन जारी रहेगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के श्रद्धालु इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण की भक्ति में समय व्यतीत कर रहे हैं।



खबर संक्षेप

श्रमिकों के मेधावी बच्चों को पढ़ाई के लिए साढ़े 12 हजार की सहायता राशि

रायगढ़। श्रमिक परिवारों के मेधावी बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा शैक्षणिक प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत पात्र विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं 12 वीं से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक शिक्षा तक निर्धारित मापदंडों के अनुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना का उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने से रोकना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।
योजना के तहत मंडल में पंजीकृत पात्र असंगठित कर्मकारों के प्रथम दो बच्चों को निर्धारित पात्रता के अनुसार एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को 5,000 से 5,500 रुपए, स्नातक स्तर पर 7,000 से 7,500 रुपए, स्नातकोत्तर स्तर पर 10,000 से 10,500 रुपए तथा व्यावसायिक एवं प्रोफेशनल शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 12,000 से 12,500 रुपए तक की सहायता का प्रावधान है। इस योजना का लाभ एक शैक्षणिक वर्ष में एक बार दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं अथवा 12वीं की परीक्षा में टॉप.10 में स्थान प्राप्त करने वाले पात्र विद्यार्थियों के लिए एक लाख रुपए की सहायता का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, दुपहिया वाहन क्रय के लिए भी एक लाख रुपये की सहायता का उल्लेख है। इन विशेष लाभों के लिए निर्धारित पात्रता एवं दस्तावेज संबंधी शर्तों का पालन करना होगा। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन की तिथि से कम से कम 90 दिन पहले संबंधित मंडल में पंजीयन होना आवश्यक है। विद्यार्थी को उत्तीर्ण कक्षा के बाद अगले शैक्षणिक सत्र में अध्ययनरत होना चाहिए।
हालांकि, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की अंतिम कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए इस शर्त में छूट का प्रावधान है। पात्र विद्यार्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा चॉइस सेंटर, श्रमेव जयते मोबाइल ऐप अथवा श्रम संसाधन केंद्र के माध्यम से भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नहीं लगानी पड़ी दौड़

रायगढ़। घरघोड़ा तहसील के ग्राम अमलीडीह निवासी भारती गुप्ता ने बताया कि उन्हें छात्रवृत्ति के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ जाति प्रमाण पत्र के लिए 26 अक्टूबर को घर बैठे ऑनलाइन आवेदन किया। जो 28 अक्टूबर को अनुमोदन हो गया। अब वे शैक्षणिक कार्यों और पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रमाण पत्र का उपयोग कर सकेंगी। उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और जनसुलभ बनाने की दिशा में सेवा सेतु पोर्टल प्रभावी माध्यम के रूप में उभर रहा है। डिजिटल सुशासन की इस अभिनव पहल के तहत अब प्रदेश के नागरिकों को 450 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने प्रेस मीट में दी जानकारी

केंद्रीय उर्जा मंत्रालय तय करता है किसको कितनी बिजली देना है: सुभाष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





जितना बिजली का उत्पादन होता है उसका 50 फीसदी छत्तीसगढ़ सरकार को देना होता है। इसके लिए सरकार के साथ बाकायदा एमओयू होता है। बाकी उर्जा मंत्रालय भारत सरकार तय करती है किसको कितना बिजली देना है। अभी करीब 6 राज्यों में एनटीपीसी लारा से उत्पादित बिजली जा रही है। यह कहना है एनटीपीसी लारा परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर का। श्री ठाकुर गुरुवार को प्रेस मीट में एनटीपीसी लारा में बिजली उत्पादन के लिए लगने वाली अन्य इकाईयों, फ्लाईऐश निपटान से लेकर सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया।

खास बातें
- उत्पादन का 50 फीसदी छत्तीसगढ़ सरकार को देना होता है बिजली, होती है एमओयू
- फ्लाईऐश निपटान से लेकर सीएसआर के तहत एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों का पेश किया लेखा-जोखा

इस दौरान परियोजना के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने अपने-अपने कार्यों की जानकारी साझा की। श्री ठाकुर ने कहा कि एनटीपीसी लारा में सर्वश्रेष्ठ परफार्मेंस के साथ संचालन हो रहा है जहां 85 प्रतिशत पीएलएफ के साथ प्लांट काम कर रही है। एनटीपीसी लारा केवल उत्पादन करती है। वितरण के लिए अन्य कई ट्रांसमिशन कंपनियां हैं।

जुलाई- अगस्त तक स्टेज-3 का हो सकता है चालू

परियोजना प्रमुख श्री ठाकुर ने बताया कि सब कुछ ठीक रहा तो जुलाई-अगस्त तक स्टेज-3 का काम चालू करने की पोजिशन में आ जाएंगे। अभी टेंडरिंग प्रोसेस में है। एक स्टेज के लिए 7-8 मिलियन टन कोयले की जरुरत होती है। तिलाईपाली हमारी इंटीग्रेटेड माइन है जहां से निकलने वाली कोयला हमारे प्लांट के लिए पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि हमारे तीनों स्टेज के लिए तिलाईपाली का कोयला पर्याप्त है। दूसरे कोल माइन पर निर्भरता जैसी कोई बात नहीं है।

भारत सरकार के सभी नार्म्स में उतर रहे खरे

श्री ठाकुर ने बताया कि बिजली उत्पादन के लिए पानी से लेकर कोयले का उपयोग कितना करना है यह भारत सरकार का उर्जा मंत्रालय तय करती है। उनके सारे नार्म्स में एनटीपीसी लारा खरे उतर रहा है। उन्होंने बताया कि तीन लीटर पर पानी खर्च कर सकते हैं, लेकिन यहां भी हम पानी बचा रहे हैं और केवल केवल 2.64 लीटर का ही उपयोग करते हैं। फ्लाईऐश ट्रांसपोर्टिंग को लेकर बताया गया कि किसी भी तरह से अवैध डंपिंग नहीं की जा सकती। इसके लिए कुछ एडवांस तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है।



एसटी समुदाय को योजनाओं की शत-प्रतिशत दिलाएं लाभ : मण्डावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर जनजातीय समुदाय के लिए संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने, प्रचार प्रसार बढ़ाने और विभागीय समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर, एसटी आयोग के सचिव पवन कुमार नेताम समेत संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

अध्यक्ष श्री मण्डावी ने वन अधिकार पत्रों, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार और तेंदूपत्ता संग्राहकों से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पेसा कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने तथा ग्रामसभा की सहमति से ही विकास कार्यों के लिए भूमि उपयोग करने और प्रभावितों को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए। धरती आबा अभियान के तहत जिले के 320 गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा बिरहोर और पहाड़ी कोरवा जैसे विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। अध्यक्ष श्री मण्डावी ने आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के स्कूल पहुंचने के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने, गांवों में पेयजल संकट दूर करने और सड़कों के उन्नयन के निर्देश दिए। बच्चों के टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का व्यवस्थित संधारण करने तथा आश्रम छात्रावासों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा।

वित्त मंत्री ने की सरिया क्षेत्र की विकास की समीक्षा

सारंगढ़। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायपुर स्थित अपने शासकीय आवास से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सरिया अंचल में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की।



जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों से कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। श्री चौधरी ने स्वीकृत कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में राजपुर 132 केवी विद्युत परियोजना, अमृत मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों तथा क्षेत्र में जल स्तर से जुड़ी स्थिति और समस्याओं पर चर्चा हुई। मंत्री ने संबंधित विभागों को कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी करने और सामने आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिन स्वीकृत कार्यों के टेंडर जारी हो चुके हैं, उनकी प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करने को कहा गया। बैठक में सरिया क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और उनकी अद्यतन जानकारी उपलब्ध रखने पर भी जोर दिया गया। नर्सिंग कॉलेज के लिए निर्माण प्रक्रिया और 100 बिस्तरों के अस्पताल की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। मंत्री ने संबंधित निर्माण विभाग को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और निर्माण की प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों के संबंध में भी चर्चा हुई। उन्होंने संबंधित विभागों से सड़क निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्य निर्धारित समय में पूरा करने को कहा।

जिले में अर्नब का डबल अटैक, दूसरे दिन भी बारिश, स्कूलों से लेकर आंगनबाड़ी तक छुट्टी

रायगढ़। चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से जिले में मौसम का मिजाज लगातार बिगड़ा हुआ है। बुधवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला गुरुवार भी जारी रहा। आसमान में छाए घने बादलों के बीच सुबह से लेकर शाम तक रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होती रही। खराब मौसम और भारी बारिश की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में भी गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। इधर, मौसम विभाग ने रायगढ़ जिले में भी अगले दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के साथ गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने का खतरा भी बना हुआ है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आने और आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के आसार हैं।

गौरतलब है कि लगातार बारिश और मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए रायगढ़ जिले में गुरुवार को सभी शासकीय एवं निजी स्कूल बंद रखे गए। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के अनुमोदन के बाद जिला शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया। आदेश के तहत प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यालयों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी छुट्टी रखी गई, ताकि खराब मौसम के दौरान बच्चों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मौसम की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी तेज कर दी है। राहत और बचाव कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो, इसके लिए सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर ने सभी विभागों को आवश्यक संसाधन तैयार रखने और आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। बारिश के कारण जलभराव या अन्य आपात स्थिति की आशंका को देखते हुए जिले के निचले इलाकों में निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की तैयारी रखने को कहा गया है। इसके साथ ही जिला और तहसील स्तर के कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। चक्रवात के प्रभाव से जिले में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना के बीच प्रशासन की तैयारियां बढ़ा दी गई हैं। लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी जा रही है। विशेष रूप से गरज-चमक के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचना जरूरी है।





गरज चमक सहित बारिश का अनुमान

चक्रवात के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बढ़ने और कुछ स्थानों पर तेज गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। ऐसे में जानकारी के मुताबिक, चक्रवाती तूफान अर्नब आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार कर चुका है। इसके अगले 48 घंटों में धीरे-धीरे कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। हालांकि, तूफान के कमजोर पड़ने के बावजूद इसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं होगा और इस बीच हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। गरज-चमक के समय खुले मैदान, खेत, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचना चाहिए।

धान की फसल को होगा नुकसान

बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों को अपनी फसलों और कृषि उपज की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने चाहिए। खेतों में काम करते समय गरज-चमक शुरू होने पर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में गिरावट आ सकती है, जिससे जिले में ठंड का असर भी धीरे-धीरे बढ़ने की संभावना है।कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, लगातार बारिश और खेतों में जलभराव से धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। खासकर उन्नत और संकर किस्मों की फसल में पौधों के गिरने तथा दानों के काले पड़ने का खतरा है।

स्कूलों में आज भी अवकाश घोषित

मौसम विभाग द्वारा बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव और भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में आज छुट्टी की घोषणा की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आवागमन में होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

अर्नब तूफान का असर, 6 डिग्री गिरा तापमान

सरसींवा। चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से सरसींवा में बुधवार से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया सुबह आज भी आसमान में बादल छाए रहे और दिन भर रिमझीम बारिश होती रही वही हाल गुरुवार को भी दिन भर धूप नही निकलने से वही एक तरफ दिन के तापमान में गिरावट आई जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिली वही एका एक तूफान के कारण मौसम में आये बदलाव के बीच भारी बारिश की आशंका को देखते हुए आज गुरुवार को जिले के सभी शाशकीय और निजी स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया था वही बुधवार की तुलना में गुरुवार को अधिकतम तापमान में करीब 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान बतलाया है। आज सुबह से ही बादल छाए रहने के कारण धूप नही निकली और रुक रुककर हो रही बारिश से सड़कों और खुले स्थानों पर पानी भर गया है, नमी बने रहने के कारण मच्छर की पैदावार में बढ़ावतआई है। आज दिन भर कभी हल्की बूंदाबांदी तो कभी मध्यम बारिश तो कभी तेज हवाओं के साथ बारिश ने लोगो के जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है, वही मौसम को ठंडा कर दिया है। क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा हो जाने से किसानों की खेतो में धान की बालिया नीचे झुक जाने से फसल नुकसान हो रहा है। मौसम के इस बदलाव से जहां लोगो को गर्मी से राहत मिली वही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया रोड से लेकर क्षेत्र में चारों तरफ जलभराव हो गया है।

किरोड़ीमलनगर में शराब के लिए पैसे मांगने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के किरोड़ीमलनगर में शराब पीने के लिए पैसे मांगने और पैसे नहीं मिलने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। छठ तालाब के पास ताला-चाबी बनाने का काम करने वाले 50 वर्षीय रविशंकर स्वर्णकार ने वीरू चौहान और दीपक चौहान के खिलाफ कोतरारोड थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, रविशंकर स्वर्णकार पिता रामकुमार स्वर्णकार किरोड़ीमलनगर के वार्ड नंबर 6 में रहता है। वह छठ तालाब के पास ताला-चाबी बनाने का काम करता है। उसके आसपास अन्य लोग भी सिलाई मशीन, इडली-डोसा और चाय-नाश्ते का काम करते हैं। बीते 26 अक्टूबर की दोपहर करीब एक बजे वह खाना खाने के लिए घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने वाली गली में वीरू चौहान और दीपक चौहान उसके पास पहुंचा। दोनों ने उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब उन्होंने पैसे नहीं होने की बात कही, तो दोनों ने गाली-गलौज करने लगे। पैसे नहीं देने की बात पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और हाथ-मुक्कों के साथ डंडे से मारपीट की गई। इस घटना में रविशंकर के पीठ पर चोट लगने की बात शिकायत में कही गई है। रविशंकर स्वर्णकार ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि उसके आसपास काम करने वाले सुरेश कुमार साहू, रामबहादुर सिंह, भगतराम सोनी और अंजोरदास महंत के साथ भी गाली-गलौज की गई।

जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला कल

रायगढ़। आयुष विभाग द्वारा आम नागरिकों को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 31 अक्टूबर, शनिवार को कौहाकुंडा पहाड़ मंदिर के पास प्राथमिक शाला परिसर में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। यहां आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से उपचार के साथ निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाएगा। मेले में रक्त परीक्षण, काढ़ा वितरण तथा योग संबंधी परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा नशामुक्ति, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और अस्थि एवं मांसपेशियों से संबंधित विकारों के उपचार व परामर्श पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मीरा भगत ने नागरिकों से अपील की है।

सुर्री में विपणन विभाग के गोदाम में लगी भीषण आग

अनुपयोगी बारदानों को रखने हर महीने 45 हजार खर्च

रायगढ़। धान खरीदी का समय नजदीक आते ही पुसौर विकासखंड के ग्राम पंचायत सुर्री में बारदाना गोदाम में लगी आग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस गोदाम में विपणन विभाग ने अमानक और अनुपयोगी बारदानों को रखा था, वहां गुरुवार की सुबह अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी भीषण थी कि उसे बुझाने के लिए नगर सेना की टीम को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इस घटना के बाद गोदाम में रखे बारदानों की उपयोगिता, उनके रखरखाव और सरकारी खर्च को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, विपणन विभाग ने ग्राम पंचायत सुर्री में बारदानों के भंडारण के लिए गोदाम किराए पर ले रखा है। इसके लिए विभाग हर महीने करीब 45 हजार रुपए किराया चुका रहा है। बताया जा रहा है कि इस गोदाम में अमानक और अनुपयोगी बारदाने बीते कई सालों से रखे जा रहे थे। मुख्य बात यह है कि जिन बारदानों का उपयोग ही नहीं किया जाना था और जो अमानक श्रेणी के थे, उनके भंडारण पर सरकारी खजाने से हर महीने इतनी बड़ी राशि खर्च की जा रही थी इतने सालों से इस गोदाम में रखे बारदानों के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं गई थी। जिस पर अब इस घटना के बाद से सवाल उठने लगे हैं।



बीमा क्लेम को लेकर भी उठे कई सवाल

इस घटना के बाद एक और महत्वपूर्ण पहलू चर्चा में है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि गोदाम में रखे अमानक और अनुपयोगी बारदानों का बीमा कराया गया था। ऐसे में आग लगने की घटना को लेकर बीमा क्लेम से संबंधित सवाल भी अब उठ रहे हैं। हालांकि, आगजनी यह घटना इस घटना की विस्तृत जांच की बात अधिकारी कर रहे हैं।

गोदाम में लगी आग पर काबू पाने के लिए करीब 10 टैंकरों को एक एक भेजा गया था। करीब 6 घंटे से अधिक समय आग पर काबू पाने के लिए लग गए।
बी कुजूर, कमांडेंट, नगर सेना

गोदाम में अमानक और अनुपयोगी बारदानो को रखा गया था। गुरुवार को इसमें आग भड़क उठी। हालांकि अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। जांच करने पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
जाह्नवी जिल्हारे, डीएमओ



